दैनिक जागरण
22-03-2025

जियोफिजिक्स के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

जीएमएन कालेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में जियोफिजिक्स पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन भौतिकी विभाग द्वारा जर्नी टू द सेंटर आफ अर्थ करियर प्रास्पेक्टस इन जियोफिजिक्स विषय पर किया गया। कार्यक्रम में बीएस चौधरी मुख्य वक्ता रहे। डा. एसके पांडे ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डा. चौधरी ने विद्यार्थियों को बताया कि जियोफिजिक्स पृथ्वी की भौतिकी है। इसके अंतर्गत पृथ्वी संबंधी सारी समस्याओं की छानबीन होती है। इस मौके पर प्रो. डा. एसएस नैन, डा. कुलदीप यादव, डा. केके पुनिया, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. पिंकी, डा. राजेश सैनी, डा. उपेंदर कौर, डा. सुरजीत सिंह, प्रो. नीलम आदि मौजूद रहे।